# भारतीय भूमध्यरेखीय इलेक्ट्रोजेट मॉडल

[स्रोत: पी.आई.बी](#).

हाल ही में, **भारतीय भू-चुंबकत्व संस्थान (Indian Institute of Geomagnetism- IIG), नवी मुंबई** के वैज्ञानिकों ने भारतीय क्षेत्र पर **भूमध्यरेखीय इलेक्ट्रोजेट का** सटीक पूर्वानुमान लगाने के लिये **भारतीय भूमध्यरेखीय इलेक्ट्रोजेट (Indian Equatorial Electrojet- IEEJ) मॉडल** विकसित किया है।

- भारत के दक्षिणी सिरे के निकट स्थित **तिरुनेलवेली स्टेशन** पर भू-आधारित मैग्नेटोमीटर का उपयोग नियमित इक्वेटोरियल इलेक्ट्रोजेट (EEJ) माप के लिये किया जाता है।

## भूमध्यरेखीय आयनमंडलीय प्रक्रियाओं के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **भूमध्यरेखीय इलेक्ट्रोजेट:** यह एक **केंद्रित, तीव्र विद्युत धारा है जो पृथ्वी के** आयनमंडल के भीतर भू-चुंबकीय भूमध्य रेखा पर लगभग **105-110 किमी.** की ऊँचाई पर प्रवाहित होती है।
    - भारत का **दक्षिणी छोर** पृथ्वी की भूचुंबकीय भूमध्य रेखा के करीब है, जहाँ एक **तेज़ धारा मौजूद है।**
- **IEEJ मॉडल क्षमताएँ:** इसमें एक **वेब इंटरफेस है** जो विभिन्न तिथियों और **सौर गतिविधि स्थितियों के लिये EEJ के सिमुलेशन** की अनुमति देता है।
- **अनुप्रयोग: यह मॉडल भूमध्यरेखीय आयनमंडलीय प्रक्रियाओं को** समझने में मदद करता है और इसके कई प्रकार से व्यावहारिक अनुप्रयोग हैं:
    - **उपग्रह** कक्षीय गतिशीलता
    - ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (GNSS) आधारित नेविगेशन/पोजिशनिंग
    - उपग्रह संचार लिंक
    - विद्युत पावर ग्रिड
    - ट्रांसमिशन लाइनें
    - तेल और गैस उद्योग पाइपलाइनें

**नोट: भूचुंबकीय भूमध्य रेखा** पृथ्वी के चारों ओर स्थित **चुंबकीय उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों** के बीच का **मध्यबिंदु** है।

- भौगोलिक भूमध्य रेखा के विपरीत यह पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में बदलाव के कारण **अपनी स्थिति बदल सकता है।**

## आयनमंडल

- यह क्षोभमंडल या समतापमंडल की तरह एक अलग परत नहीं है। इसके बजाय **आयनमंडल मेसोस्फीयर, थर्मोस्फीयर और एक्सोस्फीयर** को ओवरलैप करता है।
- यह वायुमंडल का एक सक्रिय भाग है तथा यह सूर्य से **अवशोषित ऊर्जा के आधार पर बढ़ता और संकुचित** होता है।
    - यह एक विद्युत चालक क्षेत्र है, जो **रेडियो संकेतों** को पृथ्वी पर वापस भेजने में सक्षम है।
- इस प्रकार बनने वाले **विद्युत आवेशित परमाणुओं और अणुओं को आयन** कहा जाता है, जिससे आयनमंडल को यह नाम मिला है।

## तापीय और रासायनिक संरचना के आधार पर वायुमंडल का विभाजन क्या है?

- **वायुमंडल की तापीय संरचना:**

//

# वायुमंडल और इसके संस्तर

Drishti IAS

## वायुमंडल

- पृथ्वी की अन्योन्याश्रित भौतिक प्रणाली के मुख्य घटकों में से एक।
- यह लगभग 78% नाइट्रोजन, 21% ऑक्सीजन और 1% अन्य गैसों से मिलकर बना है।

## संस्तर

- **क्षोभमंडल (Troposphere):**
  - पृथ्वी के सतह से ऊपर 12 किमी. तक विस्तारित
  - वायुमंडल का सबसे निचला भाग - वह भाग जिसमें हम रहते हैं
  - क्षोभमंडल में तापमान ऊँचाई के साथ घटता जाता है
    - क्षोभमंडल के शीर्ष बिंदु को क्षोभसीमा (Tropopause) कहा जाता है
  - वायुमंडल का सबसे सघन संस्तर
  - वातावरण में मौजूद कुल वायु का लगभग 75% और जलवाष्प (जिनसे बादलों का निर्माण होता है तथा वर्षा होती है) का 99% शामिल है
- **समताप मंडल (Stratosphere):**
  - पृथ्वी की सतह के ऊपर 12 से 50 किलोमीटर की ऊँचाई के बीच स्थित
  - वायुमंडल की अधिकांश ओजोन इस संस्तर में पाई जाती है
    - इस संस्तर में मौजूद ओज़ोन अणु सूर्य से आने वाले पराबैंगनी (UV) विकिरण, जिसके परिणामस्वरूप तापमान में वृद्धि होती है, को अवशोषित करते हैं।
  - बादल एवं मौसम संबंधी घटनाओं से लगभग मुक्त
  - यह वायुमंडल का सबसे ऊँचा भाग है जहाँ जेट विमान पहुँच सकते हैं
- **मध्यमंडल (Mesosphere):**
  - पृथ्वी की सतह से लगभग 50 से 80 किलोमीटरकी ऊँचाई के बीच स्थित
  - इस संस्तर का शीर्ष बिंदु पृथ्वी प्रणाली के भीतर पाया जाने वाला सबसे ठंडा स्थान है
  - यहाँ निशादीप्त बादल (Noctilucent clouds) बनते हैं, जो पृथ्वी के वायुमंडल में सबसे अधिक ऊँचाई पर पाए जाने वाले बादल हैं
  - अधिकांश उल्कापिंड इसी वायुमंडलीय संस्तर में जलते हैं
  - साउंडिंग रॉकेट और रॉकेटचालित विमान मध्यमंडल तक पहुँच सकते हैं
- **बाह्य वायुमंडल (Thermosphere):**
  - पृथ्वी की सतह से लगभग 80 से 700 किलोमीटर की ऊँचाई के बीच स्थित है
  - इसके सबसे निचले भाग में आयनमंडल होता है
  - बाह्य वायुमंडल के तापमान में रात एवं दिन की अवधि के दौरान तथा विभिन्न मौसमों के अनुसार भिन्नता पाई जाती है
  - ऑरोरा बोरेलिस/सुमेरु ज्योति/ध्रुवीय ज्योति (उत्तरी) और ऑरोरा औस्ट्रेलिस/कुमेरु ज्योति/ध्रुवीय ज्योति (दक्षिणी) कभी-कभी यहाँ देखे जाते हैं
- **बहिर्मंडल (Exosphere):**
  - पृथ्वी की सतह से 700 से 10,000 किलोमीटर की ऊँचाई के बीच स्थित
  - पृथ्वी के वायुमंडल का सर्वोच्च संस्तर
  - इस संस्तर में मौसम संबंधी घटनाओं स्व पूरी तरह से मुक्त
  - अधिकांश पृथ्वी उपग्रह इसी परत/संस्तर में परिक्रमा करते हैं
  - बहिर्मंडल के निम्न बिंदु पर एक संक्रमण परत होती है जिसे बाह्यसीमा (Thermopause) कहा जाता है



- **वायुमंडल की रासायनिक संरचना: रासायनिक संरचना** के आधार पर वायुमंडल को **दो व्यापक क्षेत्रों** में विभाजित किया गया है।
    - **होमोस्फीयर:** होमोस्फीयर को पृथ्वी के वायुमंडल के सबसे **निचले हिस्से** के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह हेटरोस्फीयर और पृथ्वी की सतह के बीच स्थित है।
        - यह पृथ्वी का वायुमंडल है, जो **लगभग 90 किलोमीटर** की ऊँचाई से नीचे है, जहाँ **नाइट्रोजन (78%), ऑक्सीजन (21%), आर्गन (10%), कार्बन डाइऑक्साइड** के साथ-साथ **धूल कण, एरोसोल और बादल की बूँदों** जैसे घटकों की लगभग समरूप संरचना है।
        - इसे क्षोभमंडल, समतापमंडल और मध्यमंडल में विभाजित किया गया है।
- **हेटरोस्फीयर: होमोस्फीयर से परे स्थित वायुमंडल** को हेटरोस्फीयर कहा जाता है। यह **90 किमी से 10,000 किमी** तक फैला हुआ है।
    - वायु **विरल** है और **अणु बहुत दूर** हैं। गैसों का मिश्रण संभव नहीं है क्योंकि **वहाँ अशांति नहीं हो रही है।**
    - इसे दो मुख्य क्षेत्रों अर्थात् **थर्मोस्फीयर और एक्सोस्फीयर** में विभाजित किया गया है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**??????????**

**प्रश्न:निम्नलिखित पर विचार कीजिये: (2013)**

1. विद्युतचुंबकीय विकिरण
2. भू-तापीय ऊर्जा
3. गुरुत्वाकर्षण बल
4. प्लेट संचलन
5. पृथ्वी का घूर्णन
6. पृथ्वी का परिक्रमण

**उपर्युक्त में से कौन पृथ्वी के पृष्ठ पर गतिक परिवर्तन लाने के लिये ज़िम्मेदार हैं?**

(a) केवल 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1, 3, 5 और 6
(c) केवल 2, 4, 5 और 6
(d) 1, 2, 3, 4, 5 और 6

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-equatorial-electrojet-model